तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

12 शिशु का डीएनए टेस्ट नहीं हुआ मैच न्याय के लिए थाना ...



10 डिप्टी सीएम ने 9 शासकीय स्कूलों में एक साथ स्मार्ट ...





## खबर संक्षेप

### बायपास के पास से शराब कोचिए पकड़ाए, 36 पौवा जब्त



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो शराब कोचिये के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से 36 पौवा शराब जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 24 नवंबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपिया को मंडी परिसर के पीछे एवं आरोपी दीपक निषाद को मोहारा बायपास के पास अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से शराब रखते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक 18-18 पौवा कुल 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2880 रुपए जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। आरोपियों के विरूद्व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत 24 नवंबर को सूचना के आधार पर सहदेव नगर के पास हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक विष्णु निषाद, पारस यादव एवं छन्नू वर्मा के विरूद्व इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### वाद विवाद, चार पर कार्रवाई




**राजनांदगांव।** वाद-विवाद कर शांति भंग करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 24 नवंबर को सार्वजनिक स्थान चिखली हनुमान मंदिर के पास शराब पीने वाले आरोपी अजय गुप्ता 39 साल रामनगर मोतीपुर के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया। इसी प्रकार अभियान कार्रवाई के 24 नवंबर को अभियान के तहत झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे अनावेदक रोहित साहू 21 चिखली, कामता सिन्हा 39 साल वार्ड नं. 6, अनिल कुमार देवांगन 50 साल स्टेशनपारा व अमित कुमार देवांगन 45 साल स्टेशनपारा के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

# धान खरीदी में गड़बड़ी: मऊ सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक निलंबित

## ऑनलाइन खरीदी नियमों के उल्लंघन पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के तहत निर्धारित ऑनलाइन खरीदी नियमों का उल्लंघन सामने आने पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित, मऊ (पंजीयन क्रमांक 397) के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं लिपिक उमेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के आधार पर की गई है। आदेशानुसार धान खरीदी हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। सहकारिता विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला बेमेतरा श्री ए. के. सिंह द्वारा की गई जांच में गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं।



### जांच में सामने आई मुख्य अनियमितताएं

जांच में यह तथ्य सामने आया कि कृषक सनतधर दीवान को 21 नवंबर को विक्रय हेतु 120.40 क्विंटल धान का टोकन प्राप्त था, परंतु वे उपार्जन केंद्र मऊ में केवल 40.00 क्विंटल सरना धान लेकर पहुंचे। इसके बावजूद समिति द्वारा ऑनलाइन खरीदी प्रक्रिया के विपरीत मैनुअल खरीदी कर ली गई तथा 40 क्विंटल धान की स्टैकिंग भी करा दी गई। साथ ही कृषक को मैनुअल तौल पर्ची भी दे दी गई, जो कि विधि के पूर्णतः विपरीत पाया गया। नियमानुसार खरीदे गए धान की ऑनलाइन प्रविष्टि कर भुगतान पर्ची जारी किया जाना आवश्यक था। जांच में यह भी उजागर हुआ कि संस्था के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं कृषक के बीच 120.40 क्विंटल धान के टोकन में संशोधन के लिए मिलीभगत की गई, जो गंभीर अनियमितता है।

**जिम्मेदार हुआ निलंबित:** शासन की महत्वपूर्ण योजना-समर्थन मूल्य पर धान खरीदी-में पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करना प्रभारी समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी है, परंतु इस संवेदनशील कार्य में उमेश कुमार साहू द्वारा घोर लापरवाही और नियमों का उल्लंघन पाया गया। उपरोक्त के फलस्वरूप उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियम अनुसार निर्वाहन भत्ता प्रदाय किया जाएगा। इस कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या मिलीभगत को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हादसा

### कारेसरा के पास भीषण सड़क हादसा, बेमेतर-कवर्धा मार्ग पर रात चीखों से दहल उठा

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीन युवकों की मौत, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेमेतरा थाना क्षेत्र के कारेसरा गांव के पास सोमवार की सुबह करीब 03 बजे बेमेतरा–कवर्धा मुख्य मार्ग पर एक ऐसा भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। फ्लावर डेकोरेशन का काम कर कबीरधाम से लौट रहे पाँच युवकों से भरा छोटा हाथी वाहन तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि छोटा हाथी कई मीटर तक घिसटता हुआ खड़े ट्रक से भी जा भिड़ा। डबल टक्कर से वाहन पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

**मौके पर ही तीन दोस्तों ने तोड़ा दम:** हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उनकी पहचान इस प्रकार हुई है— पंकज सिंह राजपूत, पिता लालवंत सिंह राजपूत, उम्र 35 वर्ष, निवासी





पश्चिम बंगाल एवं गोपाल, पिता संतोष सिंह भूमित, उम्र 32 वर्ष, निवासी पश्चिम बंगाल एवं प्रसानता , पिता निताई चंद, उम्र 35 वर्ष, निवासी पश्चिम बंगाल शामिल है। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शवों को निकालने में पुलिस और ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**दो घायल-चालक बोला: सब कुछ पल भर में हो गया:** जिन दो युवकों की जान बच गई है, वे भी गंभीर रूप से घायल हैंअजय विश्वकर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी विद्या नगर वार्ड 2, बेमेतरा एवं शुभाषित चक्रवर्ती, निवासी पश्चिम बंगाल निवासी है। वाहन चला रहे अजय ने दर्दनाक स्थिति बयान करते हुए बताया कि हम सभी कवर्धा से डेकोरेशन का काम कर रात में लौट रहे थे। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक पीछे से आकर टक्कर मार दिया। हमें संभलने का मौका ही नहीं मिला। दोनों घायलों का उपचार बेमेतरा में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

### खड़े ट्रक से भिड़ंत की घटना टली

स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि छोटे हाथी वाहन की एक स्थिर ट्रक से भी टक्कर हुई, जिससे टक्कर की तीव्रता कई गुना बढ़ गई। इससे पुलिस की जांच और जटिल हो गई है। रात के समय इलाके में अंधेरा होने के कारण किसी ने ट्रक का नंबर स्पष्ट नहीं देख पाया।

### ट्रक चालक फरार, पुलिस ने शुरू की व्यापक जांच

हादसे के बाद अज्ञात ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक और चालक की तलाश तेज कर दी है। टीम मौके के सीसीटीवी फुटेज, हाइवे के चेकपोस्ट और आसपास के कैमरे खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है ओवरस्पीड और लापरवाही प्रमुख कारण प्रतीत हो रहे हैं। सड़क पर खड़े वाहनों की भी जांच की जा रही है। मृतकों के परिजनों को घटनास्थल से सूचना भेज दी गई है। **इलाके में मातम-लोग बोले: यह सड़क बन चुकी है डेंजर जोन:** ग्रामीणों ने बताया कि कारेसरा के पास यह मार्ग पहले भी कई हादसों का गवाह रहा है। रात के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क किनारे खड़े ट्रकों के कारण यह जगह अब 'डेंजर जोन' बनती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, रिफ्लेक्टर और नियमित पेट्रोलिंग की मांग की है।

# सशक्त ऐप से चोरी का खुलासा चोर को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ मंदिर चोरी का भी किया खुलासा – ज्वेलर्स संचालक सहित दो गिरफ्तार

पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि आधुनिक तकनीक और जमीनी पुलिसिंग का संयोजन अपराधियों के लिए खतरा बन चुका है। पुलिस की सूझबूझ और सशक्त ऐप की तकनीकी ताकत से मोटर सायकल चोरी, मंदिर चोरी और चोरी की संपत्ति खरीदने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।

इस कार्रवाई ने जिले में लगातार हो रही संपत्ति संबंधी वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने का मार्ग प्रशस्त किया है। 23 नवंबर की सुबह साजा क्षेत्र में नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक हीरो होंडा (सीजी 07 एलआर 2452) को रोककर सशक्त ऐप से जांच की। ऐप ने तुरंत संकेत दिया कि यह वाहन थाना साजा से चोरी की लिस्ट में दर्ज है। वाहन चला रहा व्यक्ति—रामखिलावन साहू (32 वर्ष), निवासी करामाल, थाना बेरला—पुलिस की सख्त पूछताछ में कुछ ही देर में टूट गया।

**आरोपी ने खोला चोरी का पूरा खेल:** पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि उसने पैशन प्रो सीजी 25 3129 एवं एचएफ डीलक्स सीजी 25 ई 6265 दोनों मोटरसाइकिलें देवकर क्षेत्र से चोरी की थीं। आश्चर्यजनक रूप से आरोपी ने बताया कि वह चोरी की गई गाड़ियों का कुछ दिन उपयोग करता था और पेट्रोल खत्म होने पर उन्हें लावारिस छोड़ देता था। पुलिस इन दोनों मोटरसाइकिलों को पहले ही बरामद कर चुकी थी, पर गिरफ्तार आरोपी से पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ।

### पूछताछ में बड़ा खुलासा

रामखिलावन ने एक और महत्वपूर्ण स्वीकारोक्ति करते हुए बताया कि 27 अक्टूबर 2025 की रात उसने ग्राम बचेड़ी (चौकी देवकर) स्थित शीतला माता मंदिर में घुसकर माँ की मूर्ति में लगे तीन सोने के लॉकेट, और मंदिर दानपेटी में रखी हुई नकदी चुरा ली थी। यह खुलासा पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि मंदिर चोरी की घटना से ग्रामीणों में काफी नाराजगी थी।

**चोरी का सोना पहुँचा ज्वेलर्स के पास :** आरोपी ने बताया कि चोरी किए गए ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा, साजिश कर मतदाताओं का नाम काटने पाए : विजय जांगिड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ राजीव भवन में कांग्रेस की हुई एसआईआर पर बैठक



कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की राजीव भवन में एसआईआर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बैठक ली। जिसमें प्रदेश सहप्रभारी ने बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं व बूथ लेवल एजेंट से एसआईआर विस्तृत जानकारी देते हुए इस प्रक्रिया के सारे पहलुओं को समझाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे निर्वाचन आयोग से नियुक्त बीएलओ से समन्वय बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं को एसआईआर गणनापत्रक भरने में सहायता करें इसके अलावा उन्होंने ताकीद करते हुए कार्यकर्ताओं से सजग रहकर इस बात पर भी ध्यान देना पर जोर दिया कि किसी प्रकार से प्रशासन के द्वारा अथवा भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा फर्जी मतदाताओं को जोड़ा ना जा रहा हो उनकी मैपिंग न कराई जा रही हो तथा योग्य मतदाताओं का नाम काटने की कोई साजिश ना रची जा रही हो वास्तविक मतदाता का मैपिंग हो तथा फर्जी मतदाता इस एस आई आर से मतदाता सूची से बाहर हो इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा । रिसोर्स पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के साथ मिलजुल कर उनके एस आई आर फॉर्म सही तरीके से भरे जा रहे हैं या नहीं इस पर मतदाताओं की सहायता करने एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किसी प्रकार से फर्जी मतदाता के नाम से मैपिंग ना किया जाए इस पर ध्यान रखने की बात कहीं इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

# बेमेतरा में 15 दिनों में 4640 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता हेतु प्रशासन की कड़ी कार्रवाई



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कड़ी निगरानी के साथ अभियान चलाया जा रहा है। अवैध भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देश पर जिले में व्यापक कार्रवाई की जा रही है, जिसके अंतर्गत धान खरीदी प्रारंभ होने से अब तक लगभग 4640 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। इसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 02 लाख 62 हजार रुपये आंकी गई है। इसमें विभिन्न व्यापारियों एवं राइस मिलरों की संलिप्तता भी पाई गई।बेमेतरा विकासखंड अंतर्गत 13 प्रकरण दर्ज जिसमे राइस मिलरों से 2737 बोरी धान जप्त किया गया वही थोक एवं फुटकर व्यापारियों से 466 बोरी धान इस तरह कुल 1095 क्विंटल धान की जब्ती की गई । अनुविभाग बेरला अंतर्गत 08 प्रकरण में 1190 क्विंटल जहां धान जप्त किया इसी तरह अनुविभाग साजा मे 22 प्रकरण पर 1991 क्विंटल धान एवं अनुविभाग नवागढ़ मे 02 प्रकरण दर्ज, 150 बोरी धान जप्त किया गया।

### चेकपोस्ट और उड़नदस्ते की कड़ी निगरानी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए 10 चेकपोस्ट का गठन किया गया है, जहां सतत निगरानी की जा रही है। प्रत्येक अनुविभाग में उड़नदस्ता दल की तैनाती की गई है। यह दल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार के निर्देश पर अचानक छापेमार कार्रवाई कर रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य है कि केवल पात्र एवं पंजीकृत कृषकों से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाए और वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले।

### 430500 क्विंटल धान उपार्जिती

जिले में अब तक पंजीकृत किसानों से 430500 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया जा चुका है। खरीदी प्रारंभ होने के सिर्फ 15 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा 4640 क्विंटल अवैध धान पकड़ना बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। यह संयुक्त कार्रवाई राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं मंडी विभाग की टीमों द्वारा की गई है, और यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा। इस कठोर और प्रभावी कार्रवाई से जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध व्यापार या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केवल वास्तविक और पात्र किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बीएलओ घर-घर जाकर वितरित कर रहे ऐनुमरेशन फॉर्म

# बेमेतरा में युद्धस्तर पर चल रहा एसआईआर-2026 अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 बीएलओ को मिलेगा विशेष सम्मान

जिले में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026) का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर–घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक (ऐनुमैरेशन फॉर्म ) वितरित कर रहे हैं, उन्हें सही तरीके से भरवा कर पुनः एकत्र कर रहे हैं तथा प्राप्त पत्रकों का शीघ्र डिजिटाइजेशन सुनिश्चित कर रहे हैं। जिले में चल रहा यह अभियान राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसके निर्विघ्न संचालन हेतु प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान को समय-सीमा के भीतर, पूर्ण सटीकता के साथ और उत्कृष्ट गुणवत्ता में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना के तहत जिले के कम से कम 50 बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र और अभिहित अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उच्च गुणवत्ता वाले कार्य, समय पर फॉर्म संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन तथा शत-प्रतिशत सत्यापन जैसे मानकों पर आधारित होगा।

प्रशासन द्वारा घोषित प्रोत्साहनों में शामिल हैं, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में जिला स्तरीय सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र, उत्कृष्ट कार्य हेतु नगद प्रोत्साहन राशि, गिधवा (नांदघाट) बर्ड सेंचुरी का प्रेरणादायी भ्रमण, बीएलओ के लिए अलसी के जैकेट तथा महिला अधिकारियों के लिए कोसा की साड़ी, सपरिवार स्थानीय थिएटर में मूवी टिकट, जिले के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट/होटल में सपरिवार लंच कूपन, मेगा हेल्थ कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व हेल्थ कार्ड वितरण तथा उत्कृष्ट बीएलओ के आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडर्न आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने की विशेष सुविधा । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि इन प्रोत्साहन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य बीएलओ व संबंधित अधिकारियों को और अधिक प्रेरित करना है, ताकि एसआईआर-2026 अभियान को समय-सीमा के भीतर, अत्यधिक गति और 100% गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, इसलिए यह आवश्यक है कि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही और अद्यतन रूप से शामिल हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता व सत्यापन कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि बेमेतरा जिला राज्य और देश में एसआईआर 2026 के सफल एवं उत्कृष्ट क्रियान्वयन का मॉडल बन सके।

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार



**बेमेतरा।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में बेमेतरा जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। 15 नवंबर से खरीदी प्रारंभ होने के बाद मात्र 9 दिनों में ही जिले के 129 धान उपार्जन केंद्रों में कुल 4,30,500.40 क्विंटल धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। जिले में अब तक 1,80,556.40 क्विंटल मोटा धान, 56,864 क्विंटल पतला धान तथा 1,93,080 क्विंटल सरना धान का उपार्जन किया गया है। कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता एवं मार्कफेड की संयुक्त टीमों के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर गठित निगरानी समितियां खरीदी कार्य को निरंतर मॉनिटर कर रही हैं।

कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में इस वर्ष धान खरीदी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुगम एवं किसान हितैषी बनाने के लिए कई नवीन पहलें की गई हैं। टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप, एसएमएस आधारित सूचना प्रणाली, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा नियमित निरीक्षणों से खरीदी केंद्रों में भीड़ प्रबंधन और समयबद्ध तौल सुनिश्चित हो रहा है। उपार्जन केंद्रों में पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, शेड, तौल-कांटा व्यवस्था, बैग की उपलब्धता एवं वाहन आवागमन की सुव्यवस्थित व्यवस्था से किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिला प्रशासन ने धान की अवैध आवक पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्ट, उड़नदस्ता दल और संयुक्त जांच टीमों की तैनाती भी की है, ताकि केवल पंजीकृत और पात्र कृषकों से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा सके। अब तक खरीदी गई 4.30 लाख क्विंटल धान की मात्रा दर्शाती है कि किसान शासन की नीतियों और जिला ▶▶| शेष पेज 10 पर

**सौगात:** उप मुख्यमंत्री ने की मुख्य सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा

# डिप्टी सीएम ने 9 शासकीय स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्कूलों में डिजिटलीकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को ग्राम सिल्हाटी के उच्चतर माध्यमिक शाला से सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 9 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सिल्हाटी से विकासखंड के सभी 9 स्कूल में वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़ रहे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सिल्हाटी स्कूल परिसर पहुंचकर सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ महेश मिश्रा, श्रीकांत उपाध्याय, सरपंच सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित थे। इस पहल के तहत विकासखंड कवर्धा में यह सुविधा का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है, जिसके बाद अब सहसपुर लोहारा क्षेत्र में भी डिजिटल शिक्षा का विस्तार गति पकड़ चुका है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के लाभ बताते हुए समझाया कि वे इस आधुनिक तकनीक का उपयोग कर किस प्रकार अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कल्पना शक्ति को हमेशा सक्रिय और प्रबल रखें। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भूगोल जैसे विषयों में जटिल अवधारणाओं को सरलता से समझा जा सकेगा, विशेषकर सौर मंडल, संरचनात्मक प्रक्रियाओं और वैज्ञानिक विषयों को समझने में आसानी होगी। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने स्मार्ट क्लास की संपूर्ण तकनीकी कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया और शिक्षकों से इसकी संरचना, संचालन एवं उपयोग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आंख की संरचना में रेटिना की कार्यप्रणाली तथा हृदय की संरचना से संबंधित थ्रीडी एनिमेटेड डिजिटल कंटेंट का लाइव प्रदर्शन देखा।



### कठिन से कठिन विषय बच्चों के लिए बनेंगे रोचक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल उपकरणों की स्थापना या तकनीक की उपलब्धता भर नहीं है, बल्कि संपूर्ण शिक्षा-तकनीक मंत्र परिवर्तन लाने वाली एक दूरदर्शी पहल है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से मल्टी-डायमेंशनल कंटेंट, थ्री-डी विजुअलाइजेशन और इंटरएक्टिव लर्निंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कठिन से कठिन विषय भी विद्यार्थियों के लिए रोचक, आकर्षक और सरल बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली कला, वाणिज्य, विज्ञान और गणित सभी विषयों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि अब सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री त्रि-आयामी स्वरूप में प्रदर्शित हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एआई की सहायता से हम सीखने की पद्धति को पूरी तरह बदल सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंच पर ही एआई का लाइव उपयोग करके विद्यार्थियों को नई तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय विषयवार साप्ताहिक शैक्षणिक शेड्यूल तैयार करे, ताकि स्मार्ट क्लास का उपयोग व्यवस्थित, प्रभावी और लक्ष्य आधारित रूप से हो सके।

### जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना

जिले के मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अत्याधुनिक डिजिटल शिक्षण प्रणाली की सुविधा उपलब्ध हो गई है। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से अब विद्यार्थियों को विषयों की गहराई, जिज्ञासा आधारित शिक्षण और आधुनिक तकनीक का सीधा लाभ मिलेगा। अगले चरण में बोड़ला विकासखंड के शासकीय स्कूलों में भी इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना है, अन्य स्कूलों में भी यह पहल शुरू की गई है। इस महत्वपूर्ण कदम से जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी पहुँच और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के 9 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। इसमें सोनझरी, रक्से, सिल्हाटी, सहसपुर लोहारा, सुरजपुरा वन, कोयलारी, छिरबांधा, खोलवा, राम्हेपुर के स्कूल शामिल है।

## धान पंजीयन के लिए भटक रहे जिले के किसान: चोवाराम साहू



■ स. लोहारा तहसील कार्यालय में लगा किसानो का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश सहित जिले के धान उत्पादक किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा इस बार अनिवार्य किया गया एग्रीस्टैक पोर्टल पंजीयन सहित अन्य अनिवार्यताएं किसानो के लिए भारी मुसीबत खड़ी कर रही है। बताया जा रहा है कि पंजीयन की अंतिम तिथि को लगातार आगे बढ़ाए जाने के बाद भी जिले में किसान पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि किसानो की समस्याओं व मांग को देखते हुए शासन ने एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की तिथि को बढ़ा दिया गया था लेकिन अभी भी कई किसान नियम कायदों में फंसे होने के कारण अपना पंजीयन नहीं करा पाए है। इस संबंध में कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने बताया कि शासन ने इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी की प्रक्रिया इतनी जटिल कर दिया है कि किसान इस में उलझकर रह गए है। उन्होने बताया कि धान खरीदी संबंधी विभिन्न पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित की गई है। जिसके चलते सोमवार को तहसीलकार्यालय स. लोहारा में किसानो की भारी भीड़ देखने को मिली। श्री साहू ने बताया कि किसानो को पंजीयन में आधार सीडिंग और ई-केवाईसी, दस्तावेजों की जांच, पोर्टल और ऐप का उपयोग करने में समस्याएं आ रही हैं, जैसे कि पोर्टल पर तकनीकी खराबी और जानकारी की गलतियां। उन्होने बताया कि कई किसानों को आधार सीडिंग और ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने में परेशानी हो रही है। इसी प्रकार गिरदावरी और भूमि रिकॉर्ड के साथ दस्तावेजों के मिलान में समस्या आ रही है जिससे किसान पटवारी से लेकर समिति और च्वाईस सेंटर से लेकर तहसील कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर हो रहा है। चोवाराम साहू ने किसानो की इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन से नियम कायदों को शिथिल करने की मांग की है।

### खबर संक्षेप

**5.51 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार**

**कवर्धा।** थाना कोतवाली कवर्धा की टीम ने काव्या इंडस्ट्रीज के नाम पर सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाला आरोपी मनोज श्रीवास्तव पिता स्व. दयाशंकर श्रीवास्तव, उम्र 45 वर्ष, निवासी दाऊतपुर गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान पता बसुंधरा, गाजियाबाद को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। प्रार्थी नवीन जैन, निवासी महावीर स्वामी चौक कवर्धा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी ने स्वयं को काव्या इंडस्ट्रीज का मैनेजिंग डायरेक्टर बताकर उनसे कुल 5,51,000 रुपए की ठगी की। आरोपी ने प्रार्थी को सुपर डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त करने का प्रलोभन देकर विभिन्न खातों में रकम जमा करवाई तथा फर्जी टैक्स इनवॉइस, ई-वे बिल और कंपनी के नाम से ई-मेल भेजकर धोखे में रखा। प्रार्थी द्वारा लखनऊ स्थित कंपनी के पते पर जाकर जांच करने पर पाया गया कि वहां ऐसी कोई कंपनी अस्तित्व में नहीं है।

**प्लेसमेंट कैम्प आयोजन 26 नवम्बर को**

**कवर्धा।** जिले के प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कवर्धा द्वारा 26 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. परिसर ग्राम तारों में किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी संस्थाएं भाग लेंगी, जहां अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

## जिले में मनाया गया एनसीसी का 77 वां स्थापना दिवस

### बेहतर नागरिक के निर्माण में एनसीसी की महती भूमिका:एएसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित रहकर ही सफलता मिलेगी, जिसकी शिक्षा युवावस्था में एनसीसी देती है। वर्दी अनुशासन का पर्याय है। सैन्य जीवन विषम परिस्थितियों से भरा होता है, अतः उन्हे प्रशिक्षण भी कठोर दिया जाता है। उक्त उद्गार जिले के उप पुलिस अधीक्षक कृष्णकांत चंद्राकर ने शासकीय पीजी कालेज आडिटोरियम में आयोजित संयुक्त एनसीसी दिवस समारोह में व्यक्त किये। उन्होने बताया कि स्कूल व कालेज में मैं स्वयं एक अनुशासित एनसीसी कैडट था। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल एनसीसी के संदेश का भी प्रसारण किया गया। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय कृषि महाविद्यालय कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला की एनसीसी इकाइयों के द्वारा कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित संयुक्त समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने एनसीसी ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर जागेश्वर धुर्वे ने मुख्य अतिथि को रिपोर्ट किया और मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात प्लाटून कमांडरों जूनियर अंडर ऑफिसर तामेश्वर निषाद, जूनियर अंडर ऑफिसर लक्ष्मी कार्णिक, सार्जेंट धनंजय साहू ,सार्जेंट प्रतीक्षा बाचकर स्वामी करपात्री जी स्कूल, सार्जेंट सांची गंधर्व स्वामी आत्मानंद कन्या विद्यालय, सार्जेंट सुनीता पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला, पायलट भारती यादव, रूपा साहू के नेतृत्व में छहः प्लाटूनों ने बैंड टीम पंकज धुर्वे और तुषार ठाकुर के धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए उन्हें सलामी दी। मुख्य अतिथि ने एनसीसी दिवस पर समस्त कैडेट्स को शपथ ग्रहण कराया। समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ऋचा मिश्रा और वरिष्ठ प्राध्यापक नरेंद्र कुलमित्र, रविशंकर नाग ने कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। एनसीसी इकाइयों के संयुक्त प्रतिवेदन का पठन हुआ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय के कैडेट्स ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला से भूमिका व साथियों ने खूबसूरत छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया, स्वामी करपात्री जी विद्यालय कवर्धा, होली किंगडम स्कूल, आदर्श कन्या विद्यालय कवर्धा के कैडेट्स ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। पीजी कॉलेज के कैडेट्स ने भी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, एनसीसी रन में जूनियर विंग से राजेश्वरी ने प्रथम सुनीता पटेल द्वितीय, अमरीका साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सीनियर विंग से अंजनी मेरावी, अर्चना गंधर्व, यामिनी कौशिक, सीनियर डिविजन से चंद्रभान, पुष्पेंद्र, दिनेश क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पर रहे। इस अवसर पर परेड के कमांडर्स के साथ ही एनसीसी दौड़ में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। सम्पूर्ण समारोह का संयोजन पीजी कॉलेज कवर्धा के लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह, शासकीय कृषि महाविद्यालय के लेफ्टिनेंट दिनेश सिंह,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला के एनसीसी अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, स्वामी करपात्रीजी विद्यालय के एनसीसी अधिकारी धनेश्वर सिंह राजपूत,कन्या विद्यालय के एनसीसी अधिकारी झरोखा अहिरवार तथा होली किंगडम स्कूल के एनसीसी अधिकारी छत्रपाल साहू ने किया।

## किसानों की शिकायत पर डिप्टी सीएम का निर्देश, पटवारी निलंबित

### काफिला रोककर किसानों की मुलाकात, सुनी समस्याएं, सभी धान खरीदी का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने सोमवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सिल्हाटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के दौरान स.लोहारा तहसील कार्यालय में लगी किसानो की भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रोकी और किसानो से मुलाकात करने पहुंचे। बताया जाता है कि इस दौरान किसानो ने एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन में आ रही समस्याओं की जानकारी दी साथ ही ह.नं. 15 कुरुवा रानिम सिल्हाटी, तहसील लोहारा में पदस्थ पटवारी राजेश शर्मा की मनमानी तथा अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने की शिकायत की। जिसे गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी स.लोहारा को दिए। जिस पर कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत निलंबित कर दिया। वहीं उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानो से चर्चा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार सभी किसानो का धान खरीदेगी जिसे लेकर किसी भी किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होने किसानो की मांग पर एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की तिथि बढ़ाए जाने को लेकर मौके से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की।

## पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि 25 नवंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 19 से अतिरिक्त समय का प्रावधान किया था, जिसकी अंतिम तिथि 25 नवंबर है। किसानों को इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाना होगा, जहां वे पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करवा सकेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित हो। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2025 में "एकीकृत किसान पोर्टल" के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था।

किन्तु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 नवंबर से एक सप्ताह अतिरिक्त समय का प्रावधान पोर्टल के तहसील लॉगिन में किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 25 नवंबर को है।

## शीतलहर व ठंड से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी एहतियाती दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि शीतलहर के दौरान लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और यात्रा से यथासंभव बचें। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें और शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थो का सेवन लगातार करते रहें। यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक कंपकंपी, उंगलियों में पीलापन या सफेदपन, सुन्नता जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गो को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। सीएमएचओ ने बताया कि कई लोग ठंड से बचने के लिए कोयला जलाकर आग सेंकते हैं, लेकिन बंद कमरे में कोयला जलाना अत्यंत खतरनाक है, क्योकि इससे निकलने वाली कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस जहरीली होती है और जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि हाइपोथर्मिय की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर लिटाएं और कंबल या गर्म कपडों से ढंक दे, जिससे शरीर का तापमान सामान्य हो सके। मांसपेशियों में अकड़न होने पर भी डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। हाइपोथर्मिया के लक्षणों में शरीर का तापमान गिरना, बोलने में कठिनाई, कंपकंपी, भारी सांस लेना, मांसपेशियों में जकड़न और नींद न आना शामिल हैं।

**तैयारियों को लेकर बैठक, बोड़ला में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न आयोजन**

## मौनी अमावस्या पर 6 दिवसीय हिंदू संगम कार्यक्रम 13 दिसम्बर से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या पर 06 दिवसीय हिंदू संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार करने के लिए हिंदू संगम स्थल बोड़ला रविवार को बृहद बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में वर्ष 2013 की तरह हिंदू संगम कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई। हिंदू संगम मेले की शुरुआत 13 जनवरी को मातृशक्ति सम्मेलन कलश यात्रा के साथ होगी। इसमें अखिल भारतीय संयुक्त का दुर्गा वाहिनी सुश्री प्रज्ञा महाला सम्मिलित होंगी। इसके बाद 18 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### परिवार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन

हिंदू संगम कार्यक्रम के दौरान 14 जनवरी को परिवार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इससे कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले पुरुषों को धोती और महिलाओं को साड़ी पहन कर आने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही इस परिवार सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए लोगों को पूर्व से ही रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रविंद्र जोशी होंगे।

### जनजातीय बैगा, गुनिया सम्मेलन का आयोजन

15 जनवरी को हिंदू संगम कार्यक्रम में बैगा गुनिया सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में जिले भर में फुक झाड़ करने वाले और ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर मरीज को डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अशोक वार्ष्णेय आरोग्य भारतीय संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे।

### 18 जनवरी मौनी अमावस्या पर भव्य हिंदू संगम सम्मेलन

18 जनवरी मौनी अमावस्या पर भव्य हिंदू संगम सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर वर्मा ने जानकारी देते बताया कि लगातार 2013 से अनवरत मौनी अमावस्या पर हिंदू संगम कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है इस बार भी 06 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी और दूसरे दिन से अंतिम दिन तक प्रतिदिन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सर सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे साथ ही कार्यक्रम के अध्यक्षता फग्गन सिंह कुलस्ते के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज से अपील किया है कि हिंदू संगम का कार्यक्रम हिंदू समाज के लोगों के सहयोग से आयोजित होगा जिसमें सब की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए उन्होंने प्रत्येक हिंदू परिवार से कार्यक्रम में एक मुट्ठी चावल और 10 रूपए का सहयोग करने की अपील भी की है।

## पेज 9 के शेष

### सशक्त ऐप से चोरी ...

सोने के लॉकेट उसने साजा के देहुती ज्वेलर्स के संचालक संतु सोनी (52 वर्ष) को 18,900 रुपए में बेचे थे। देहुती ज्वेलर्स संचालक से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी का सोना खरीदने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद संतु सोनी को चौकी देवकर में दर्ज अपराध क्रमांक 296/25 धारा 305(घ), 317(2), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। **पुलिस की अपील — "बिना बिल कोई सामान न खरीदें, संदिग्ध की सूचना तुरंत दें"**: बेमेतरा पुलिस ने जिले के सभी नागरिकों और दुकानदारों से कहा है— बिना बिल की कोई वस्तु न खरीदें, किसी संदिग्ध व्यक्ति द्वारा सामान बेचने की कोशिश पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। यह चेतावनी पिछले कुछ महीनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की पृष्ठभूमि में दी गई है। संयुक्त टीम की त्वरित कार्रवाई—इन जवानों की रही अहम भूमिका ,इस सफल ऑपरेशन में साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। विशेष योगदान रहा— निरीक्षक मयंक मिश्रा (सायबर सेल प्रभारी), निरीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय (थाना साजा प्रभारी), सउनि उदल टांडेकर (चौकी देवकर प्रभारी), आरक्षक संजय पाटिल, नूरेश वर्मा, जयकिशन साहू, रेखन साहू, संतोष धीवर, मोहित देवांगन, मनीष वर्मा, दीपक सिंह शामिल है।

### जिले में समर्थन मूल्य पर ...

प्रशासन की तैयारियों से संतुष्ट हैं। आने वाले दिनों में खरीदी की रफ्तार और बढ़ने की संभावना है। **पारदर्शी एवं निष्पक्ष खरीदी ही हमारी प्राथमिकता:** प्रशासन : धान खरीदी सीजन के दौरान प्रशासनिक टीमों द्वारा निरंतर निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं आवश्यक निर्देशों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर किसान को उसका उचित मूल्य समयावधि में मिले और खरीदी कार्य बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से चलता रहे। जिले में इस खरीदी मात्रा को कृषि क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, वहीं प्रशासन ने साफ किया है कि किसान हित सर्वोपरि है, और पारदर्शी एवं निष्पक्ष खरीदी ही हमारी प्राथमिकता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202511230300027/31 अ-2/वर्ष 2025-26**

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर बीजाभाट तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अचल अग्रवाल पिता ब्रजमोहन अग्रवाल निवासी बीजाभाट तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर बीजाभाट प.ह.नं. 36 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 631/3 रकबा 0.12 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/11/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा**


जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
माननीय
श्री अरूण साव जी को
25 नवम्बर
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मा. दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
विजय सिन्हा
अध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा
विनीत - समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### युवा दल में दो को मिली जगह

**जालबांधा।** सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल होने छत्तीसगढ़ के 68 युवाओं का दल गुजरात रवाना हुआ। दल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दल में जिले के जयप्रकाश और पेमेंद्र को जगह मिली है।यह दल गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक और प्रेरणादायक स्थलों का भ्रमण करेगा। राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाले विशेष सत्रों में शामिल होगा।

### 23 लाख से अधिक कीमत का धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं अनियमितताओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत बड़ी मात्रा में धान जप्त किया गया है। कार्रवाई के तहत एसके एंड सन्स ट्रेडर्स मोहला से 23 क्विंटल धान जप्त किया गया। वहीं राजू प्रसाद खंडेलवाल फर्म में रजिस्टर संधारित सही नहीं पाए जाने पर 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसी प्रकार साहू ट्रेडर्स मोहला की जांच में भी रजिस्टर संधारण में गड़बड़ी मिलने पर 28 क्विंटल धान जप्त किया गया। जिले में अभी तक अवैध धान के 10 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 761.801 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जप्त धान की अनुमानित कीमत 23 लाख 61 हजार 580 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 1 ट्रक और 1 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है।

### श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन आज

**डोंगरगांव।** मेरा दिल ए पुकारे आजा नाम से कल 15 नवंबर को सांगितिक श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन नगर के गरबा मैदान बाजार चौक में किया गया है। इस संगीतमय आयोजन में प्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी, मुकेश, किशोर कुमार, महेन्द्र कपूर आदि के गानों की प्रस्तुति नगर के गायक कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम में विमल शर्मा, अतुल गुप्ता, सुमित जैन, एनेन्द्र शर्मा, आशीष जैन, प्रियंक जैन, थानेन्द्र साहू, हेमंत चोपड़ा, सफीर अहमद खान, प्रणय सोनी, उज्जवल गुप्ता, स्वतंत्र जैन, योगेश जैन, शशांक खोब्रागढ़े, सिद्धांत गोस्वामी, अनिल साहू, संजय रामटेक, संतोष चक्रधारी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### बच्चों ने किया रोचक प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छपारा में बीते शनिवार को बैगलेस डे के मौके पर बच्चे अपनी रुचि के अनुसार वेशभूषा धारण कर आएं। बच्चों ने बारी- बारी से कारपेट में रैंप वॉक करके प्रदर्शन किया। बच्चे छत्तीसगढ़ महतारी, बाल राधा-कृष्ण, फौजी, मराठी महिला, सोनपरी, महारानी, राऊत पोशाक, हीरो, शाही अंदाज, ग्रामीण महिला, दुर्गा आदि के रूप में शामिल हुए। अंत में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति हुई । अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### बाल मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। मेला में पालक और नागरिक शामिल हुए।

---

**गोलमाल : डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद मामला हुआ और भी संगीन**

# शिशु का डीएनए टेस्ट नहीं हुआ मैच न्याय के लिए थाना घेरा, जांच की मांग

**आरोपित महिला के शिशु के साथ जैविक संबंध होने की पुष्टि नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/थान खम्हरिया

तीन माह पूर्व 24 अगस्त को नगर मे संदिग्ध परिस्थिति मे मिली नवजात शिशु मामले मे अब नया मोड़ आ गया है,पुलिस ने आरोपित महिला के ब्लड व शिशु के बोन को डीएनए टेस्ट के लिए विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर भेजा था जिसका रिपोर्ट चौकाने वाला है रिपोर्ट के अनुसार शिशु के फीमर बोन से डीएनए प्रोफाईल ही नही मिला जिससे आरोपित महिला व शिशु के बीच जैविक संबंध होने की पुष्टि नही करता है।

छग शासन के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं रसायनीक परीक्षक डॉ अंजू वर्मा के रिपोर्ट मे दिये अभिमत के मुताबिक शिशु के डीएनए प्रोफाईल ही नही मिलने के कारण आरोपित के जैविक संतान होने संबंधी निश्चयात्क परिणाम देना संभव नही है।इस प्रकार नवजात शिशु मामले मे प्रश्नवाचन चिन्ह लग गया है वही आरोपित महिला के समाज वालो की बात को माने ने अब आरोपित की संतान होना भी संदिग्ध हो गया है,हालाकि मामला न्यायालय मे लंबित है परंतु उच्च स्तरीय जांच का भी विषय है जहाँ किसी निर्दोष को उचित न्याय भी मिल सके।उक्त मामले को लेकर आरोपित महिला को न्याय दिलाने समाज वालो ने थाने घेराव कर उचित जांच की मांग की थी उनका मानना था कि गलत तरीके से पुलिस कार्रवाई कर रही है तथा मुख्य आरोपी को बचाने गरीब युवती को आरोपित किया जा लहा है।

घटना के बाद 15 दिन तक लगातार आरोपी को पकड़ने पुलिस के उपर दबाव बनता गया आनन फानन मे जहाँ पर नवजात शिशु मिली थी उसके समीप के एक युवती को पुलिस ने आरोपीत घोषित कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,मामला अभी न्यायालय मे लंबित है परंतु अब पुनः नागरीको के मन मे अनेक प्रकार के सवाल खड़े कर दिये है।पुलिस ने अभी आरोपित महिला के बयान के मुताबिक उससे दैहिक शोषण करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तार नही कर पायी है साथ ही थाना घेराव मामले मे 11 लोगो के उपर हुई एफआईआर पर भी अब तक गिरफ्तारी नही हुई है जिससे साबित होता है कि पुलिस इस संगीन मामले को गंभीरता से नही ली है। गौरतलब है कि 24 अगस्त को नगर के वार्ड क्रमांक 03 स्थित




एक सूनसान जगह पर बोरी मे बंद जिन्दा नवजात शिशु मिली थी जिसे लेकर नाकरीको मे भारी आक्रोश देखा गया था बहूत से संगठन ने उचित जांच कार्रवाई व आरोपी को गिरफ्तार करने मांग भी रखी थी।घटना के 15 दिन बाद 7 सितंबर को पुलिस ने संभावित जांच पड़ताल के बाद नवजात शिशु मामले मे एक युवती को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो युवती ने जुर्म कुबुल कर लिया जिस पर विभिन्न धाराओ के तहत निरूद्ध कर जेल भेज दिया था।अब डीएनए रिपोर्ट मे नवजात शिशु के फीमर बोन मे ही डीएनए प्रोफाईल नही मिल पायी है तो शिशु आरोपित कैसे हो गयी पुलिस को डीएनए टेस्ट रिपोर्ट का तो इंतेजार करने की जरूरत थी,सब कुछ आनन फानन मे होने के कारण ही मामला अब संगीन हो गया है वही पुलिस कार्रवाई पर मरार समाज आक्रोश जता रही है।ईधर डीएनए रिपोर्ट मे आरोपिया के ब्लड सैम्पल से प्राप्त डीएनए प्रोफाइल मे प्रत्येक मार्कर पर एलिल तो भिली परंतु शिशु के बोन मे डीएनए प्रोफाइल नही मिलना भी चौकाने वाली है यही कारण भी है कि नवजात शिशु आरोपित महिला का ही है यह पुष्टि नही हो पा रहा है और जैविक संतान होने संबंधी निश्चितता भी बनी हुई है।आगे पुलिस की क्या भूमिका होगी,आरोपित युवती के समाज व परिजन क्या कदम उठाते है?यह यक्ष प्रश्न तो है ही साथ ही अब यह मामला उच्च स्तरीय जांच का विषय भी बन गया है।

### आरोपी युवक की गिरफ्तारी नही होने से भी मामला रहा संदिग्ध

नवजात शिशु मिलने का मामला शुरू से ही युवक युवती के बीच अवैध संबंध होने के चलते घटना को अंजाम देने की ओर इंगित करता था हुआ भी आरोपीत युवती ने कबीरधाम जिले के ग्राम कंआ निवासी छोटू साहू के साथ अवैध संबंध होना स्वीकारा परंतु उक्त दैहिक शोषण करने वाले युवक की गिरफ्तारी अब तक नही हुई जो शुरू से ही संदिग्ध रहा वही मरार समाज के लोग भी थाना घेराव कर गिरफ्तारी की मांग करते रहे परंतु पुलिस की मजबूरी भी लोगो को समझ नही आया।घटनाक्रम के समय विभिन्न चिकित्सकीय रिपोर्ट व गिरफ्तार युवती के भौतिक सत्यापन पर भी सवाल खड़े हुए थे।

### तीन माह बाद भी थाना घेराव के आरोपीयो की गिरफ्तारी नही

नवजात शिशु मामले मे युवती के गिरफ्तारी को नाजायज भानते हुए मरार समाज के सैकड़ो महिला पुरूषो ने उचित जांच की मांग को लेकर स्थानीय थाने का घेराव कर दिया था।इस मामले मे पुलिस ने संज्ञान लेते हुए 11 महिला एवं पुरूष के विरूद्ध अपराधी क मामला पंजीबध्द किया है परंतु घटना के तीन माह बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नही कर पायी है।अब डीएनए रिपोर्ट मे आरोपिया और शिशु के बीच जैधिक संबंध की पुष्टि नही के के बाद मामला गरमाने वाला है और मरार समाज के लोग अब सक्रियता के साथ उच्च स्तरीय जांच कार्रवाई करने की पुनः मांग रखने वाले है।

---

## विधायक ने बीजा स्कूल में छात्राओं को वितरित की साइकिलें...



**साजा।** शास उ मा विद्यालय, बीजा में विधायक माननीय ईश्वर साहू ने सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत 5 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। शंकराचार्य शास उ मा वि बीजा जो कि 2010 से संचालित है। यहां कुल 425 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां पर तीन संकाय विज्ञान,कला, वाणिज्य का अध्यापन कराया जाता है। विद्यालय में कुल 12शिक्षक पदस्थ हैं। यहां पर कुल 268 छात्राएं अध्ययनरत हैं। हायर सेकेण्डरी के प्रभारी प्राचार्य एमएस भुवाल और व्याख्याताओं में एमके बारले, डीके वर्मा, डीबी देवांगन, टीएस पटेल एवं एलएन साहू, जेडी भास्कर, श्रीमती एस खान, श्रीमती ए खान, श्रीमती पी कुर्रे, श्रीमती सी साहू, श्रीमती डी साहू सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कंडरका की व्याख्याता पुष्पा का राष्ट्रीय टीचर स्पर्धा में चयन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला जशपुर में बेमेतरा ज़लिा के बेरला विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कण्डरका की व्याख्याता शिक्षिका पुष्पा नायक का चयन राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों की प्रतियोगिता टीचर टीएलएम के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कण्डरका हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षिका पुष्पा नायक फिलहाल जीव विज्ञान संकाय की व्याख्याता है।

दरअसल रजत जयंती के उपलक्ष्य पर विगत 12 नवम्बर से 15 नवम्बर के बीच जशपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 में प्रतिभागी शिक्षिका के रूप में कवर्धा जोन से शामिल हुई थी। जिसमे विकसित और आत्मनिर्भर भारत कथानक का अहम विषय रहा। इस दौरान बेमेतरा से कण्डरका की शिक्षिका पुष्पा नायक ने नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता में चयनित हुई। जिसमें उनको प्रमाण पत्र एवं ट्राफी भी प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर शिक्षिका को उनके शिक्षकगणो व परिवारजनों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है।

## साजा नपं में मना मितानिन दिवस



**साजा।** हिमांशु वर्मा द्वारा रेस्ट हाउस साजा में रखा गया जिसमें नगर के पार्षद गण खंड चिकित्सा अधिकारी एके वर्मा वर्मा ब्लॉक समन्वयक सपना चौबे जगन्नाथ तथा नगर पंचायत की सभी मितानिन रुक्मिणी मधु संगीता ममता सुनीता रत्ना उपस्थित हुए। जिसमें मितानिन की कार्य तथा शुरूआत की जानकारी सपना चौबे द्वारा दिया गया इस अवसर पर अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने मितानिन के कार्यों की सराहना की गई पार्षद कमल राजपूत और नगर अध्यक्ष हिमांशु वर्मा द्वारा भी मितानिन के कार्य की सराहना की गई सभी को धन्यवाद दिया गया। समाजसेवा की शक्ति—हमारी मितानिन दीदियाँ निरंतर जनसेवा के प्रति समर्पित हमारी मितानिन माताओं-बहनों को मितानिन दिवस के अवसर पर सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद कमल राजपूत वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद आशीष वर्मा वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद गौकरण साहू की उपस्थिति रही।

## कारेसरा में 26 लाख की लागत से बनेगा महतारी सदन



**साजा।** ग्राम पंचायत कारेसरा में विधायक ईश्वर साहू ने 26 लाख से बनने वाले महतारी सदन का भूमि पूजन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर गांव तक विकास पहुंचे यह सरकार की मंशा है जिसके चलते आज ग्राम कारेसरा में महतारी दिवस के अवसर पर महतारी सदन का भूमि पूजन किया जा रहा है इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष केशव पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष पुन्नी यादव परमेश्वर वर्मा राजेश ठाकुर जनपद अध्यक्ष जितेन साहू हरीश चौहान ग्राम सरपंच श्रीमतीशारदा भुनेश्वर चंद्राकर उप सरपंच रवि यादव, रमेश नारद, बलदाऊ पांडे, अशोक दुबे, चेम टंडन, घनश्याम बघेल, पोषण पाल, प्रकाश साहू, जगदीश साहू, योगेश कुमार भी उपस्थित थे।

## भूगोल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने विविध स्थलों का भ्रमण कर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने भोरमदेव मंदिर की ऐतिहासिक विरासत का अवलोकन किया। उन्होंने चिल्फी घाटी की भौगोलिक संरचना, जनजातीय जीवन एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने सरोदा जलाशय का निरीक्षण कर जल प्रबंधन, बांध निर्माण एवं सिंचाई प्रणाली का अध्ययन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ठाकुर, प्राध्यापक बीआर चंद्रवंशी, मनोहर बोकड़े, डॉ हेमलता गायकवाड, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, नम्रता परीक्षा, डॉ कविता यद्‌दु, राजेश चक्रधारी, रूपेश बंसोड़, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा आदि शामिल हुए।

# धान खरीदी के ताज़ा आंकड़े जारीः लक्ष्य रकबा और किसानों की स्थिति स्पष्ट

**धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ी, पंजीकृत किसान और रकबा घटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसानहित में संचालित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों में कई महत्वपूर्ण पहलू सामने आए हैं। इन आंकड़ों के माध्यम से धान खरीदी की अनुमानित स्थिति, पिछली वर्ष की तुलना, पंजीकृत किसानों और पंजीकृत रकबे में हुए परिवर्तनों की स्पष्ट तस्वीर दिखाई देती है।

पिछले खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के लिए धान खरीदी का लक्ष्य 10,31,939 क्विंटल तय किया गया था, जिसके विरुद्ध 9,37,107 क्विंटल धान की



खरीदी की गई। वर्तमान वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन प्रणाली के अनुसार जिले में 9,93,667 क्विंटल धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है। अभी तक लक्ष्य के विरुद्ध 43,050 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई है।

**पंजीकृत किसानों की स्थिति:** पिछले वर्ष 2024-25 में जिले में कुल 1,64,699 किसान पंजीकृत थे। वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 1,62,907 किसान रह गई। इस प्रकार जिले में 1,792 किसानों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई।

### पंजीकृत रकबा (हेक्टेयर में) की तुलना

वर्ष 2024-25 में जिले में पंजीकृत रकबा 1,91,569 हेक्टेयर था। वर्ष 2025-26 में यह घटकर 1,82,478 हेक्टेयर रह गया। इस प्रकार वर्ष दर वर्ष 9,091 हेक्टेयर रकबे में कमी दर्ज की गई है।

**धान बेचने वाले किसानों की संख्याः** वर्ष 2024-25 में धान बेचने वाले किसानों की संख्या 7,153 थी। वर्ष 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 8,296 किसानों तक पहुँच गई है, जो जिले में बेहतर खरीदी व्यवस्था और किसानों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

---

# मितानिन बहने स्वास्थ्य के क्षेत्र में रीढ़ की हड्डीः नीतू कोठारी



**बेमेतरा।** मितानिन दिवस के अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी,पार्षद लक्की साहू द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शहर की सभी मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। मितानिन दिवस के अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी ने कहा क्रि मितानिन बहने स्वास्थ्य के क्षेत्र में रीढ़ की हड्डी साबित हुई है स्वास्थ्य के क्षेत्र में मितानिन बहनों के सहयोग से जनमानस को स्वास्थ्य का लाभ मिल पा रहा है। इनके सेवा कार्यों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। पार्षद लक्की साहू ने मितानिन दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा क्रि मितानिन बहनों की सेवा को नमन है मितानिन दीदी अपनी जान की परवाह किये बिना 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिये तैयार रहती है। इस अवसर पर कुमारी, उषा साहू, पोषण वर्मा, सूरज साहू और गजाधर साहू उपस्थित रहे।

**महानिरीक्षक ने किया सालाना परेड का निरीक्षण**

# गुहार सुनने मोहला में लगा आईजी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य ने गत दिनों रक्षित केंद्र मोहला परेड ग्राउंड में आयोजित वार्षिक परेड का निरीक्षण किया। महानिरीक्षक श्री शांडिल्य का पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा एवं उप पुलिस अधीक्षक आप्स ताजेश्वर दीवान ने स्वागत किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप ने सलामी दी। परेड निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं जवानों को पुलिस महानिरीक्षक ने पुरस्कृत किया। मार्चपास्ट के दौरान परेड कमांडर एवं प्लाटून कमांडरों ने दाहिने देख की कार्रवाई के साथ सलामी दी।



**दरबार में रही अधिकारियों की उपस्थितिः** अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह पटेल ने आभार व्यक्त किया। आयोजित दरबार में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर प्रशांत कुमार सिंह पैकरा, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स राजेश्वर दीवान, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी नोहर सिंह मंडावी, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी मोहला ईश्वर ध्रुव, थाना प्रभारी गोटाटोला संदीप टोप्पो, थाना प्रभारी खड़गांव संजय यादव, थाना प्रभारी मानपुर बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी मदनवाड़ा खोमन भंडारी, प्रभारी साइबर सेल राजीव तिवारी, थाना प्रभारी कोहका सुरेंद्र नेताम, चौकी प्रभारी पाटनखास गणेश यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

### पर्यावरण का संदेश

वार्षिक निरीक्षण के दौरान रक्षित आरक्षी केन्द्र मोहला और एसडीओपी कार्यालय मानपुर परिसर में अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं, सुझावों एवं गुजारिशों के समाधान हेतु दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक ने आधारभूत संरचना, सीमित संसाधनों में उपलब्धियां, शासकीय आवासों के अभाव एवं महिला पुलिस अधिकारियों की अनुपस्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया।

